1	2	3	4
16.	निर्देशन और प्रशासन (राज्य सचिवालय, सेल, राज्य परिवार कल्याण ब्यूरो और जिला स्तर के संगठन)	29.35	46.00
17.	ग्रामीण परिवार कल्याण केन्द्रों, जिला परिवार कल्याण ब्यूरो राज्य परिवार कल्याण ब्यूरो तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण प्रशिक्षण केन्द्रों की गाड़ियों की बड़ी-बड़ी मरम्मत और पैट्रोल, आदि पर खर्च के लिए राशि ।	34.05	30.00
18.	लूप निवेशन तथा नसबन्दी आपरेशनों के लिए मुआवजा ।	167.00	27.00
19.	जनशिक्षा और मीडिया	5.00	5.00
20.	प्रशिक्षण, अनुसंधान तथा सांख्यिकी (स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण केन्द्रों, सहायक नर्स मिडवाइफ और लेडी हैल्थ विज़िटर प्रशिक्षण केन्द्रों का संचालन और दाइयों का प्रशिक्षण)	30.26	38.00
	योग	723.10	626.64

(मद संख्या 1 से 15 का सम्बन्ध सीधे चिकित्सा सुविधाओं से है)

उपर्युक्त धनराशि के अतिरिक्त राजेन्द्र मेडिकल कालेज, अस्पताल, रांची में एक कोबालट थेरापी यूनिट स्थापित करने के लिए 10 लाख रुपये की धनराशि रिलीज की गई ।

राज्य को उपकरणों, कीटनाशी दवाइयों, औषधियों आदि के रूप में सहायता दी जा रही है और इस प्रयोजन के लिए 1977-78 में 113.81 लाख रुपये का आवंटन किया गया है । सप्लाई किये गये उपकरणों की वास्तविक कीमत का पूरा पता लगाया जा रहा है और वह दे दी जाएगी । राज्य को 6,48,176 रुपये की लागत के गर्भ-निरोध के उपकरण, जच्चा-बच्चा स्वास्थ्य सामग्री तथा दवाइयों के किट भी सप्लाई किए गए थे ।

स्वैच्छिक संगठनों को भी डाक्टरी सामान, आदि खरीदने के लिए वित्तीय सहायता दे दी गई है । बिहार की संस्थाओं को 1977-78 के दौरान वास्तव में कुल कितनी राशि दी गई, इसका पूरा पता लगाया जा रहा है और वह दे दी जाएगी ।

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा वर्ष 1977-78 के दौरान खरीदी गई वस्तुओं की मदें तथा उनका मूल्य

7624. **श्री मोहन भैया** : क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा वर्ष 1977-78 के दौरान खरीदी गई वस्तुओं की मदवार मात्रा का मूल्य क्या है ;

(ख) क्या उक्त खरीदों में कथित भ्रष्ट प्रक्रियाओं के बारे में सतर्कता विभाग के माध्यम से कोई जांच कराई गई है ; और यदि हां, तो तत्सम्बन्धी पूरा ब्यौरा क्या है ?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री करिया मुण्डा) : (क) और (ख) : जानकारी प्राप्त की जा रही है और सभापटल पर रख दी जायेगी ।